2022/69

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
सरकार जरिये तहसीलदार पिण्डवाडा		श्री लाला पुत्र श्री केरा जाति कुम्हार निवासी वासा तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही

किस्म मुकदमा– राजस्व निगरानी

मुकदमा नं. 01 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
22.02.2022	प्रार्थी ने यह राजस्व निगरानी प्रार्थना पत्र अप्रार्थी के विरूद्ध राजस्थान भू–राजस्व कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन नियम 1970 के नियम 14(4) के तहत प्रस्तुत किया । प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर होकर अप्रार्थी को नोटिस जारी हो । पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 06.04.2022 को पेश हो । जिला कलक्टर, सिरोही	
06.04.2022	पत्रावली आज पेश हुई। पेरोकार सरकार उपस्थित। तहसील कार्यालय पिण्डवाडा से प्राप्त रिपोर्ट में यह अंकित किया है कि अप्रार्थी श्री लाला पुत्र श्री केरा की फौत हो चुकी है। अतः मृत व्यक्ति के विरूद्ध प्रकरण परिपोषणीय नहीं होने से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर खारिज किया जाता है एवं प्रार्थी तहसीलदार पिण्डवाडा को निर्देशित किया जाता है कि मौके एवं रेकर्ड की वर्तमान स्थिति के आधार पर जांच कर यदि आवश्यक हो तो अप्रार्थी के विधिक वारिसानों के विरूद्ध नियमों के परिप्रेक्ष्य में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते है। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (डॉ. भंवर लाल) जिला कलक्टर,सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Bhanwar Lal Date: 2022.04.20 16:20:42 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner